For Colleges

# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-mail- rsuexam@gmail.com

क्रमांक 507 / परीक्षा / परीक्षा आवेदन / **सेमेस्टर** / ऑनलाइन / 2026 रायपुर,दिनांक 9 / 3 / 2026

## // अधिसूचना //

सत्र 2026 में पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम / बी.एस.सी.(होम साइंस) / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर (नियमित / भूतपूर्व / एटीकेटी) एवं चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई–जून 2026 में अध्ययनरत छात्रों के लिए ऑनलाइन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है –

| पाठ्यक्रम का नाम | संपूर्ण शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि | विलंब शुल्क रू. 100 / – के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम / बी.एस.सी.(होम साइंस) / बी.बी.ए. / बी.सी.ए.– द्वितीय सेमेस्टर (नियमित / भूतपूर्व / एटीकेटी) एवं चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित) परीक्षार्थियों हेतु | 15 / 03 / 2026 से 31 / 03 / 2026 तक | 01 / 04 / 2026 से 07 / 04 / 2026 तक |

<u>**छात्रों के लिए ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–**</u> सेमेस्टर परीक्षा (मई–जून 2026) के लिए परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. परीक्षा फार्म भरने के लिए अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in होगी।**
2. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये " Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" बनायें।
3. Login करने के उपरांत Semester Exam. Form विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करें।
4. Fee Payment के बाद भरे हुए Exam. Form की हार्डकॉपी प्रिंट करके परीक्षार्थी अपने पास रखें।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाइन फार्म भरने के समय आती है,तो वेबसाईट में उल्लेखित हेल्पलाइन नंबर से अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान करें।
6. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि / डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित हो की **पात्रता नही है** (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।
7. परीक्षार्थियों के ऑनलाइन फार्म भरने के समय पिता / पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें **विवाहित महिल परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में वि.वि. प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का ना अंकित करें।**

## // परीक्षा शुल्क विवरण //

**सत्र 2026 के लिए नियमित परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

| क्र. | कक्षा / परीक्षा का नाम | द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित (रू.) | द्वितीय सेमेस्टर भूतपूर्व (रू.) | द्वितीय सेमेस्टर एटीकेटी (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक परीक्षाएँ | | | | |
| 1 | बी.ए. / बी.ए. क्लासिक्स / बी.कॉम. | 1130 | 1130 | 820 |
| 2 | बी.एस–सी. / बी.एस–सी.(होम साइंस) | 1160 | 1160 | 1075 |
| 3 | बी.सी.ए. | 1840 | 1840 | 1075 |
| 4 | बी.बी.ए. | 1360 | 1360 | 825 |

**उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा :–**

1. अप्रवासन शुल्क –(छ.ग.के बाहर के बोर्ड **अथवा** अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए) – रू. 360
2. विवाहोपरांत नाम / उपनाम परिवर्तन शुल्क – रू. 180 (केवल महिलाओं के लिए)

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. परीक्षा शुल्क की तालिका महाविद्यालयों / अध्ययनशाला में उपलब्ध कराई गई है, तथा वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क की राशि–(एवं कोई अतिरिक्त शुल्क हो तो जैसे– अप्रवासन शुल्क, उपनाम परिवर्तन शुल्क इत्यादि यदि हो तो देय होगा)– इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त ऑनलाइन से जमा करेंगें। परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे।
2. **अग्रेषण शुल्क राशि रू. 30/–** (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे जिसका उपयोग वे परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में व्यय करेंगे एवं आसंजित महाविद्यालयों से प्राप्त अग्रेषण शुल्क रू. 30/– में से रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र आसंजित महाविद्यालयों को अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रदान किया जावेगा एवं समस्त परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थियों से किसी भी प्रकार का अनावश्यक शुल्क नही लिया जावे।
3. महाविद्यालयों / अध्ययनशाला के प्राचार्य / अध्यक्ष संबंधित अध्यादेश क्रमांक 210 ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' के प्रावधानों के तहत छात्रों के परीक्षा आवेदन को परीक्षण उपरांत अग्रेषित करेंगे।
4. महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा जिन कक्षा / विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है,उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
5. प्राचार्य / अध्यक्ष विश्वविद्यालय के अध्यादेश में छात्रों के लिए उल्लेखित न्यूनतम उपस्थिति की सत्यापन करने के पश्चात ही छात्रों के परीक्षा फार्म को ऑनलाइन अग्रेषित करेंगे।
6. द्वितीय सेमेस्टर से लेकर अंतिम सेमेस्टर तक के परीक्षार्थी अपना पूर्व में आबंटित रोल नम्बर का ही उपयोग करेंगे।
7. अग्रेषणकर्ता अधिकारी परीक्षार्थियों के पूर्व वर्ष / सेमेस्टर की समस्त अंकसूचियों को अनिवार्य रूप से परीक्षण करते हुए ही परीक्षा आवेदन को अग्रेषित करें।

**टीपः– किसी अपात्र छात्र के द्वारा Online परीक्षा फार्म भरा जाता है तो उसका परीक्षा फार्म / परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।**

Con..03

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र. 508 /परीक्षा/परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाइन/2026 रायपुर, दिनांक 9 / 3 /2026

<u>प्रतिलिपि :–</u>

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/अध्ययनशाला/परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक संबंधित परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन द्वारा भरावें।
2. स.कु.स.,गोपनीय को इस निर्देश के साथ कि मई–जून 2026 में आयोजित होने वाले महाविद्यालयों/अध्ययनशाला में होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।
3. वि.क.अ.नामांकन शाखा/उ.कु.स. विकास/उ.कु.स.,अकादमिक/प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
4. प्रभारी,वि.वि.मुद्रणालय/प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा (गोप.)/वित्त नियंत्रक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता, रांची–झारखंड को आवश्यक कार्यवाही हेतु,
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/ समायोजन प्रकोष्ठ/ परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यसहायकों को।
6. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC) पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
8. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
9. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)